# बुलंदशहर से दिल्ली ले जाया जा रहा था 1150 KG नकली पनीर, बीच में ही पकड़ा गया... बेचने वाले का नाम सामने आया



दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में नकली और खराब पनीर बेचने का बड़ा खेल चल रहा है जिससे आम लोगों की सेहत खतरे में पड़ गई है. इसी कड़ी में गौतमबुद्ध नगर खाद्य सुरक्षा विभाग और जेवर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1150 किलो नकली और बदबूदार पनीर जब्त किया है. यह पनीर बुलंदशहर से दिल्ली सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था. खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इसे नष्ट करने के लिए बुल्डोजर से जमीन में गाड़ दिया.

## 1150 **किलो पकड़ा गया नकली पनीर**

बता दें कि यह बड़ी मात्रा में नकली पनीर जब्त कर खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी है. जांच के दौरान पनीर की गुणवत्ता बेहद खराब और बदबूदार पाई गई. मौके से पनीर के नमूने लैब जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि और भी ठोस प्रमाण मिल सकें. बाकि बचा हुआ पनीर बुल्डोजर की मदद से गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया गया ताकि इसे फिर से बाजार में न लाया जा सके.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के निर्देश पर चलाया जा रहा है. देर रात छोटे टोल प्लाजा, जेवर पर गाड़ी नंबर DL 1LAN 3223 को रोका गया, जिसमें नकली पनीर की बड़ी खेप मिली. प्रथम जांच में स्पष्ट हुआ कि यह पनीर मिलावटी और दूषित था.

Source: https://www.uptak.in/neighbouring-news/gautam-buddh-nagar/story/1150-kg-fake-cheese-was-being-taken-from-bulandshahr-to-delhi-it-was-caught-midway-the-name-of-the-seller-was-revealed-3201665-2025-09-13